भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक, जनसंपर्क अभियानों और संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चों के प्रदेश अध्यक्षों एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश नेतृत्व ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और संगठनात्मक दायित्वों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने आगामी जनजागरण एवं जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी बनाने और संगठनात्मक गतिविधियों को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। नेताओं ने कहा कि पार्टी की योजनाओं और कार्यक्रमों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। बैठक में विभिन्न अभियानों के सफल क्रियान्वयन को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई और तैयारियों की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा और प्रकोष्ठ प्रभारी आशुतोष तिवारी सहित मोर्चों और प्रकोष्ठों के कई प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

श्रीमद्भागवत कथा से समाज में आध्यात्मिक चेतना का विस्तार

सीएम ने श्रीकृष्ण तीर्थ विकास की घोषणा की

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन के दुःख और कष्टों को दूर करने का माध्यम है तथा इससे समाज का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आध्यात्मिक उन्नति और नैतिक जीवन की दिशा प्रदान करने वाला दिव्य ज्ञान है। यह व्यक्ति को कर्तव्य, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है तथा भारतीय संस्कृति और संस्कारों को सुदृढ़ बनाती है। मुख्यमंत्री ने यह बात उज्जैन जिले के ग्राम टंकारिया पंथ में एक से सात जून तक आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन समारोह को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आयोजन समिति, संतों और श्रद्धालुओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित कर रही है, जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई थीं। इसी क्रम में उज्जैन जिले के नारायणा गांव और धार जिले के अंका-झंका माताजी परिसर में भव्य श्रीकृष्ण तीर्थ विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर टंकारिया पंथ से लेपड़ तक तथा इसी गांव से रानापुर फाटक तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही धर्मशाला में शेड निर्माण के लिए राशि और गौशाला निर्माण के लिए अनुदान भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आने वाले रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को शगुन राशि भेजेगी तथा सभी पात्र बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। कथा समापन अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक राकेश शर्मा 'शास्त्री' सहित अनेक संत एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने दी महिला फुटबॉल टीम को बधाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैम्पियनशिप-2026 में भारतीय महिला फुटबॉल टीम की ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई दी है। भारत ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत देश की बेटियों के साहस, समर्पण, प्रतिभा और मजबूत टीम भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे देश को गौरवान्वित किया है और खेल जगत में एक नई प्रेरणा स्थापित की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उल्लेखनीय है कि गोवा के मडगांव में 25 मई से 6 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए कुल 18 गोल किए। इस उपलब्धि के बाद पूरे देश में महिला टीम के प्रदर्शन की सराहना हो रही है और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

घायल हिरण शावक को मिला जीवनदान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जिले के थाना म्याना क्षेत्र में डायल-112 जवानों की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई से घायल हिरण के एक शावक को सुरक्षित बचाकर वन विभाग के सुपुर्द किया गया। यह घटना ग्राम जमरा जंगल के पास की है, जहां एक हिरण का शावक कुत्ते के हमले से घायल अवस्था में मिला। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112, भोपाल को सूचना मिलते ही एफआरव्ही वाहन को तुरंत मौके पर रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे आरक्षक देवदत्त वर्मा और पायलट राजेश राजपूत ने पाया कि हिरण का शावक झुंड से बिछड़कर घायल हो गया था। डायल-112 टीम ने बिना समय गंवाए शावक को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और फॉरेस्ट चौकी पहुंचाकर वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया, जहां उसका उपचार शुरू किया गया। समय पर मिली सहायता से एक वन्यजीव की जान बच सकी, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है।

मीनाक्षी नटराजन आज दाखिल करेंगी नामांकन

भोपाल। राज्यसभा उम्मीदवार सुश्री मीनाक्षी नटराजन सोमवार, 8 जून को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन से विधानसभा के लिए प्रस्थान कर अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया एवं अरुण यादव, मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक सहित कांग्रेस के विधायक एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

खाद्य सुरक्षा आज की बड़ी जरूरत : डॉ. यादव

विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर मुख्यमंत्री ने की खाद्य गुणवत्ता के प्रति जागरूक रहने की अपील

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा आज के दौर की बड़ी जरूरत है, क्योंकि यह हम सबके उदर-पोषण से जुड़ा विषय है। 'विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस' की सार्थकता हर नागरिक को शुद्ध, स्वच्छ, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन मिलने में है। प्राकृतिक खेती अपनाने से इसमें महत्वपूर्ण योगदान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व खाद्य सुरक्षा पर यह संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने इस विशेष दिवस पर प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आइए, हम सब खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और इसके पोषक तत्वों के मानकों के प्रति सदैव जागरूक रहें।

ऑपरेशन मुस्कान : मध्यप्रदेश पुलिस ने 08 गुमशुदा एवं अपहृत बच्चों को सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत एक सप्ताह में देश के विभिन्न राज्यों से 08 गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। यह अभियान केवल बच्चों की तलाश तक सीमित नहीं है, बल्कि बिछड़े हुए बच्चों को परिवार से मिलाकर उनके जीवन में पुनः खुशियां लौटाने का मानवीय प्रयास है। पुलिस अधिकारियों ने तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र और अंतर्राज्यीय समन्वय के माध्यम से यह सफल कार्रवाई की। बालाघाट पुलिस ने तेलंगाना के हैदराबाद और किरनापुर क्षेत्र से दो नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित बरामद किया। शिवपुरी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के झांसी क्षेत्र से एक बालिका को दस्तयाब किया। अनूपपुर पुलिस ने राजस्थान के जोधपुर से गुमशुदा बालिका को खोजकर परिजनों से मिलाया। खंडवा पुलिस ने महाराष्ट्र के अकोला से 14 वर्षीय दिव्यांग बालक को सुरक्षित वापस लाया। इंदौर जीआरपी ने तकनीकी जांच के आधार पर गुजरात के सूरत से 17 वर्षीय बालक को बरामद किया।

गूँजा फिट इंडिया का संदेश

विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के केंद्रीय क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) भोपाल द्वारा टीटी नगर स्टेडियम में विश्व साइकिल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एसएआई सीआरसी क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक चौहान, एलएनआईपीई के कुलपति (प्रभारी) प्रो. डॉ. एम.के. सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। श्री सारंग ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में लगभग 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें खिलाड़ी, प्रशिक्षक, सुरक्षा बलों के जवान (सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, एनडीआरएफ, एसएसबी, आईटीबीपी), विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, साइक्लिंग एसोसिएशन के सदस्य और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ जुम्बा सत्र और फिटनेस गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर फिट इंडिया चैंपियंस और फिटनेस इन्फ्लुएंसर्स सुश्री एश्वर्या राज भाकुनी सहित अन्य को सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को फिट इंडिया शपथ दिलाई गई।

आयोजन का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को साइकिलिंग और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। पूरे कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला और प्रतिभागियों ने 'फिट और हरित भारत' का संदेश दिया।

विद्यार्थियों को मिला महाविद्यालय आवंटन

भोपाल। प्रदेश के महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की आवंटन सूची जारी कर दी गई है। इस चरण में प्रदेशभर के 1 लाख 25 हजार 917 विद्यार्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीट आवंटित की गई है। जारी सूची के अनुसार स्नातक (यूजी) स्तर पर 93 हजार 546 विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर 32 हजार 371 विद्यार्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं।

दोहरी चुनौती *एनएफएचएस-6 के आंकड़ों में सामने आई चिंताजनक स्थिति, ग्रामीण-शहरी स्वास्थ्य असंतुलन गहराया*

दोहरा स्वास्थ्य संकटः गांवों में कुपोषण, शहरों में मोटापा बढ़ा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य को लेकर एक गंभीर और दोहरी चुनौती सामने आई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-6, 2023-24) के ताजा आंकड़ों के अनुसार प्रदेश एक ओर कुपोषण से जूझ रहा है, तो दूसरी ओर शहरी क्षेत्रों में मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यह स्थिति ग्रामीण और शहरी जीवनशैली के बीच बढ़ते स्वास्थ्य असंतुलन को उजागर करती है।



सर्वेक्षण के मुताबिक 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग में पोषण की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में कम वजन की समस्या लगातार बढ़ रही है, जबकि शहरी क्षेत्रों में अधिक वजन और मोटापे के मामले तेजी से बढ़े हैं। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश की 26.5 प्रतिशत महिलाएं कम वजन की समस्या से प्रभावित हैं, जबकि 2019-21 में यह आंकड़ा 23 प्रतिशत था। ग्रामीण क्षेत्रों में 29.9 प्रतिशत महिलाएं सामान्य से कम वजन की श्रेणी में हैं, जबकि शहरों में यह आंकड़ा 17.4 प्रतिशत है। पुरुषों में भी स्थिति चिंताजनक है, जहां 28.3 प्रतिशत पुरुष अंडरवेट पाए गए हैं, जो पहले 20.8 प्रतिशत थे।

दूसरी ओर शहरी जीवनशैली का असर मोटापे के रूप में सामने आ रहा है। शहरी क्षेत्रों की 36.1 प्रतिशत महिलाएं अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। पूरे प्रदेश में मोटापे से पीड़ित महिलाओं का आंकड़ा 16.6 प्रतिशत से बढ़कर 22.2 प्रतिशत तक पहुंच गया है। पुरुषों में भी यह प्रवृत्ति बढ़ रही है, जहां शहरी क्षेत्रों में 26.9 प्रतिशत पुरुष मोटापे से प्रभावित हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित और पौष्टिक आहार की कमी कुपोषण का प्रमुख कारण है। वहीं शहरी क्षेत्रों में फास्ट फूड, जंक फूड, शारीरिक गतिविधियों की कमी और बदलती जीवनशैली मोटापे को बढ़ावा दे रही है। यह स्थिति आगे चलकर उच्च रक्तचाप, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा सकती है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते संतुलित आहार और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा नहीं दिया गया तो यह दोहरा स्वास्थ्य संकट और गहरा सकता है।

जल संरक्षण की मप्र पहल को अंतरराष्ट्रीय सराहना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के लिए चलाया जा रहा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिल रही है। भोपाल के भारत भवन में आयोजित 'सदानीरा समागम' में साइप्रस, फिजी, मेक्सिको, नेपाल, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और इक्वाडोर के राजनयिकों ने भाग लिया और मध्यप्रदेश मॉडल की प्रशंसा की। कई राजनयिकों ने इसे अपने देशों में लागू करने की इच्छा भी जताई। इस अवसर पर बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में नदियों, तालाबों और पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। यह प्रयास अब केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक बड़ा आंदोलन बन गया है। साइप्रस और फिजी के उच्चायुक्तों ने जल संरक्षण को वैश्विक चुनौती बताते हुए मध्यप्रदेश की पहल को अनुकरणीय बताया। मेक्सिको और नेपाल के प्रतिनिधियों ने इसे साझा सांस्कृतिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का उदाहरण बताया। वहीं त्रिनिदाद एवं टोबैगो और इक्वाडोर के राजनयिकों ने कहा कि यह मॉडल जल संरक्षण के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करता है।

• कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना...

धार की धरती पर एक दक्षिण भारतीय हिंदू हृदय सम्राट ऐसे जोश में आए कि मंच से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर प्रशंसाओं के फूल ही नहीं, पूरा गुलदस्ता बरसा दिया। दोनों को सनातन का सबसे बड़ा योद्धा और असली हिंदू हृदय सम्राट घोषित कर दिया। लेकिन तारीफ के इस उत्साह में बाकी दुनिया को नपुंसक बताकर ऐसी गेंद उछाल दी कि अब राजनीतिक पंडित बयान की एक्स-रे रिपोर्ट निकाल रहे हैं। समर्थक इसे बेबाकी बता रहे हैं तो विरोधी इसे शब्दों की फिसलन। फिलहाल चर्चा इस बात की है कि निशाना कहीं और था और तीर कहीं और जा लगा।

• मौका भर मिलना चाहिए...



मध्यप्रदेश के एक माननीय की खासियत है कि कैमरा उन्हें ढूंढ़े या न ढूंढ़े, वे कैमरे को जरूर ढूंढ़ लेते हैं। कभी सड़क किनारे आम आदमी की तरह खरीददारी कर सादगी का संदेश देते हैं तो कभी किसी धार्मिक आयोजन में मंत्रोच्चार कर ऐसे छा जाते हैं कि पंडितजी भी मन ही मन सोचने लगते हैं कि अगली बार दक्षिणा किसे मिलेगी। कुल मिलाकर माननीय का सिद्धांत साफ है—मंच कोई भी हो, सुर्खियां हमारी ही हों।

• अपनों का वार, विपक्ष बेकार...

राजधानी से करीब 200 किलोमीटर दूर एक माननीय ने ऐसा तीर छोड़ा कि विपक्ष ने धनुष उठाने की भी जहमत नहीं की। उन्होंने अपने ही दल के दिग्गज नेता और प्रदेश सरकार के एक मंत्री पर ऐसे तंज कसे कि विरोधियों को बैठे-बिठाए मुद्दा मिल गया। अब संगठन असमंजस में है कि इसे आत्ममंथन माने या आत्मघात। राजनीति में जब अपने ही बल्लेबाज विपक्ष के खाते में रन जोड़ने लगें तो कप्तान भी ड्रेसिंग रूम में माथा पकड़ लेता है।

• अपने ही परिवार से हैं...

राजनीति में रिश्ते भी मौसम की तरह बदलते हैं। सत्ता पक्ष के एक माननीय ने सभा में एक ऐसे शख्स को अपना परिवार बता दिया, जिसका अतीत बीहड़ों की दास्तानों से जुड़ा रहा है। बयान सुनते ही राजनीतिक गलियारों में कानाफूसी शुरू हो गई। एक समाज विशेष में नाराजगी भी है और संगठन के पुराने अनुशासन वाले फरमान की फाइल भी फिर से खुलती नजर आ रही है। अब देखना यह है कि माननीय सफाई देते हैं या फिर बयान को ही नया अर्थ दे दिया जाता है।

• पद तो मिल गया, अब गाड़ी कब मिलेगी...

सरकार ने निगम-मंडलों और आयोगों में नियुक्तियों की सौगात तो दे दी, लेकिन कुछ नए-नवेले पदाधिकारी अभी भी सरकारी गाड़ी, बंगले और स्टाफ का इंतजार कर रहे हैं। कुर्सी मिल गई है, लेकिन उसके साथ आने वाला आराम अभी रास्ते में है। कुछ माननीय तो मजाक में कह रहे हैं कि फिलहाल पद प्रतिष्ठा से चल रहा है, पेट्रोल अपने खर्चे से।

• अरमानों पर फिरा पानी...

राज्यसभा चुनाव की चर्चा शुरू होते ही एक माननीय का नाम हर चौपाल पर गूंजता था। बड़े पद संभाल चुके, बड़ा कद रखने वाले इस नेता ने कुछ वर्ष पहले बड़े सपनों के साथ दल बदला था। भरोसे भी बड़े मिले, लेकिन अब तक झोली में सिर्फ आश्वासन ही आए हैं। इस बार भी राज्यसभा की सीढ़ियां चढ़ने का सपना सजाया था, मगर टिकट की ट्रेन स्टेशन से निकल गई और माननीय प्लेटफॉर्म पर ही हाथ हिलाते रह गए।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com